# प्रदेश में निवेश का स्वर्णिम काल सरकार कर रही पूरा सहयोग : योगी

## सीएम ने औद्योगिक इकाइयों एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए सौंपा भूमि आवंटन पत्र

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल संभावनाओं का नहीं, बल्कि परिणामों का राज्य बन चुका है। उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए यह स्वर्णिम काल है। सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग दे रही है। सीएम ने यह बातें रविवार को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों और मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि आवंटन पत्र प्रदान करने के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि पिछले साढ़े आठ वर्षों में नीति स्थिरता, सुशासन और त्वरित कार्य निष्पादन के कारण प्रदेश में अभूतपूर्व औद्योगिक परिवर्तन हुआ है। उद्योग प्रथम, निवेश प्रथम की नीति के चलते प्रदेश वैश्विक निवेशकों के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय गंतव्य बन गया है।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश में सेमीकंडक्टर चिप निर्माण को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड और एसेंट सर्किट जैसी कंपनियां इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में अंबर इंटरप्राइजेज का निवेश भी प्रदेश की औद्योगिक क्षमता को नई मजबूती देगा।



सीएम योगी ने कंपनी प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र सौंपे। साथ में औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी। - स्रोत : सूचना विभाग

### जमीन पर उतरेंगे 5 लाख करोड़ के और निवेश प्रस्ताव

सीएम ने कहा यूपी को उप्र वैश्विक निवेश सम्मेलन के माध्यम से 45 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हो चुका है। इसमें से 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। जल्द 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के और प्रस्ताव जमीन पर उतारे जाएंगे। सीएम ने कहा, हमें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित जनशक्ति उपलब्ध करानी होगी। >> दो लाख परिवारों को घर के लिए मिली एक-एक लाख की राशि : पेज 2

**इन्हें मिला भूमि आवंटन पत्र :** एचसीएल फॉक्सकॉम के संयुक्त उपक्रम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड को 48 एकड़ भूमि दी गई है। कंपनी 3706.15 करोड़ रुपये का निवेश कर सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन करेगी। एसेंट सर्किट प्राइवेट लिमिटेड को 16 एकड़ भूमि दी गई है। कंपनी 3250 करोड़ का निवेश कर फ्लेक्सिबल पीसीबी, सेमीकंडक्टर सब्सट्रेट्स का उत्पादन करेगी। अंबर इंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को 100 एकड़ भूमि दी गई है। कंपनी 3532 करोड़ का निवेश कर कॉपर क्लेड लेमिनेट्स, पीसीबी असेंबली, कंप्यूटर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंसेज का उत्पादन करेगी। बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 20.50 एकड़ भूमि दी गई है। इसकी स्थापना 532.18 करोड़ से होगी।